नवभारत

स्वर्ण महोत्सवी वर्ष में अभिनव कार्यक्रमों का रेला

स्वर्ण महोत्सव वर्ष के स्वर्णीम अवसर पर मॉडर्न कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. स्वर्ण महोत्सवी वर्ष की शुरुआत 12 अगस्त 2019 को विख्यात वैज्ञानिक डॉ. रघुनाथ माशेलकर के हाथों मेधावी छात्रों को सम्मानीत कर की गई. इसके अलावा 12 फरवरी 2020 को महाराष्ट्र के उच्च शिक्षा मंत्री उदय सामंत की प्रमुख उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया. इस समय सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. नितिन करमलकर, पीईएस के कार्याध्यक्ष प्रा. डॉ. गजानन एकबोटे, सहकार्यवाह ज्योत्स्ना एकबोटे, सचिव प्रा. श्यामकांत देशमुख, सहसचिव सुरेश तोडकर तथा संस्था के एलएमसी सदस्यों की उपस्थिति में संस्था के रिपॉजिटरी, वर्टिकल गार्डन और ऑर्किड हाउस, मेडिटेशन पॉइंट, मॉडर्न सेल्फी पॉइंट जहां पर पानी बचाने का संदेश दिया गया है, इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

इसके अलावा स्टेट लेवल सेमीनार, विभिन्न विषयों के वर्कशॉप, इंटर कॉलेज वर्कशॉप, ट्रेनिंग सेमिनार, फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम्स, बूक फेस्टीवल, बायोटेक फेस्ट, मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़ा, ग्रंथदिंडी, वसुंधरा फेस्ट, फनफेयर गेम्स, काउन्सिलिंग कैम्प, क्विज कॉम्पिटिशन तथा और भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. इन सेमिनार और वर्कशॉप में विभिन्न विशेषज्ञों को बुलाया गया, जिनका अनमोल मार्गदर्शन छात्रों को प्राप्त हुआ. कोरोना महामारी और लॉक डाउन के चलते कार्यक्रमों के आयोजनों पर काफी मर्यादाएं थीं, लेकिन फिर भी कार्यक्रमों के आयोजन के उत्साह में कोई कमी नहीं आई.

● परिशिष्ट संपादन : सुधीर देशमुख ● डिजाइनर : प्रकाश पवार